**Tender Fees :**
By Demand Draft Rs. 1000/-

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान,
(मानद विश्वविद्यालय)
**माधव विलास पैलेस, आमेर रोड़, जयपुर-302002**

**फर्म का नामः** ..................................................

**पताः** ..................................................

..................................................

## निविदा प्रपत्र

1. विषय : निविदा जिस कार्य/वस्तु के लिये दिया जा रहा है
   उसका नाम : आयुर्वेदिक दवाइयों की आपूर्ति हेतु निविदा **{Ayurvedic Medicines for PHI Project (Alcoholic de-addiction)}**

2. निविदादाता का पूरा नाम : ............................................................

3. प्रेषित अधिकारी/कार्यालय का नाम : **निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर**

4. निविदा शुल्क के ............... रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट नम्बर ...........
   दिनांक .................. द्वारा जमा करा दिये गये है ।

5. आयकर व जी एस टी चुकता प्रमाण पत्र संलग्न है/नही है ।

6. धरोहर राशि ............... रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट नम्बर ................ दिनांक ...............के द्वारा निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में जमा करा दी है ।

7. मैं/हम निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न शर्तो को स्वीकार करते है और इससे बाध्य रहेगें ।

स्थानः

दिनांक

**निविदादाता के हस्ताक्षर**
(सूचक मय रबड़ स्टाम्प)

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर

(मानद विश्वविद्यालय)

**भारत सरकार द्वारा संस्थापित**

**माधव विलास पैलेस, आमेर रोड़,**

**जयपुर–302002 (राजस्थान)**

**निविदा शर्तें**

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर, भारत सरकार आयुष मंत्रालय नई दिल्ली के अधीन है जो आयुर्वेद को आगे बढाये जाने एवं उसका विकास करने के लिए विशिष्ट योग्यताधारी अध्यापकों, वैद्यों के माध्यम से विद्यार्थियों को अध्ययन–अध्यापन, शोध कार्य करवाये जाने के साथ आयुर्वेद पद्दती से बिमारियों का ईलाज करता है। संस्थान द्वारा PHI Project के लिए निम्नलिखितानुसार **आयुर्वेदिक औषधियाँ {Ayurvedic Medicines for PHI Project (Alcoholic de-addiction)}** क्रय करने के लिए बाजार में विक्रय के वैध लाइसेन्सधारी फर्मो से सम्पूर्ण विवरण सहित ई–निविदा आमंत्रित करता है। ई–निविदा सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app एवं संस्थान की वेबसाईट www.nia.nic.in से डाउनलोड कर सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर भरी जावेगी।

| क.सं. | कॉन्ट्रेक्ट का नाम | निविदा अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | **Ayurvedic Medicines for PHI Project (Alcoholic de-addiction)** | **38,00,000** | **76,000/-** |

1. निविदादाताओं द्वारा सी.पी.पी. पोर्टल पर निविदा निम्नलिखित प्रकार से भरी जायेगी –

| क्र.सं. | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर भरने की प्रारंभ तिथि एवं समय (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) | 22.02.2022<br>6:00 PM बजे से |
| 2. | निविदा ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि एंव समय (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) | 09.03.2022<br>2:00 PM बजे तक |
| 3. | निविदा शुल्क तथा धरोहर राशि का डी.डी. संस्थान में जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.03.2022<br>2:00 PM बजे तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 10.03.2022<br>2:00 PM बजे |

2. निविदादाता को अपनी निविदा के साथ पेन कार्ड की छाया प्रति, आयकर एंव GST चुकता प्रमाण प्रत्र लगाना अनिवार्य है।
3. निविदादाता को धरोहर राशि 76,000/– का बैंक ड्राफ्ट निदेशक राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, आमेर रोड़, जोरावरसिंह गेट जयपुर, राजस्थान–302002) के नाम प्रेषित करना अनिवार्य होगा, चैक व एफ.डी.आर. मान्य नहीं होगी तथा बिना धरोहर राशि/अपर्याप्त धरोहर राशि के अभाव में प्रारम्भिक रूप से ही निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
4. निविदा फार्म सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app एवं संस्थान की वेबसाईट www.nia.nic.in से डाउनलोड कर सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर भरा जावेगा। निविदा फार्म शुल्क राशि 1000/– का डी.डी. निदेशक राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के नाम बनाया जाकर धरोहर राशि के साथ जमा करवाना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क वापस नहीं दिया जावेगा तथा निविदा भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 09.03.2022 को मध्यान्ह पश्चात् 2:00 बजे तक रहेगी।
5. निविदा की फाईनेन्सियल एवं टेक्नीकल बिड पृथक्–पृथक् होगी। फाईनेन्सियल बिड में आमंत्रित की गई निविदा की दरें होगी जो **CPP Portal** पर **Online** भरी जायेगी तथा टेक्नीकल बिड में निविदा में चाहे गये वांछित दस्तावेज होगें जो ऑनलाइन ही अपलोड करने होंगे।
6. निविदादाता द्वारा टेक्नीकल बिड में फर्म का रजिस्ट्रेशन, जीएसटी चुकता प्रमाण पत्र, आयकर चुकता प्रमाण पत्र, फर्म को ब्लेकलिस्ट ना होने का शपथ पत्र, तथा विगत तीन वर्ष का फर्म का टर्नओवर, फर्म का कार्य अनुभव, इत्यादि से सम्बन्धित दस्तावेज प्रस्तुत करने होगें।
7. निविदादाता द्वारा दरें निर्धारित **BOQ** में **Online** अंकों एवं शब्दों में **Online CPP Portal** पर भरनी होगी । निविदा में दरें डेसीमल में मान्य नहीं होगी तथा अंको एवं शब्दों में लिखी दरों में भिन्नता होने पर शब्दों में लिखी दरें मान्य होगी।
8. प्राप्त निविदा की पहले टेक्नीकल बिड संस्थान क्रय समिति के समक्ष दिनांक 10.03.2022 को 2:00 PM बजे खोली जावेगी। टेक्नीकल बिड में सफल निविदादाताओं की ही फाईनेन्सियल बिड खोली जावेगी तथा असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् लौटा दी जावेगी।
9. फाईनेन्सियल बिड में सफल निविदादाताओं द्वारा निविदा में स्वीकृत दर के मूल्य का 3 प्रतिशत सिक्यूरिटी राशि का डी.डी. निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के नाम से जमा करवाना अनिवार्य होगा एवं रुपये 500/–के नॉनज्यूडिसियल स्टैम्प पैपर पर निविदा में निर्धारित अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करना होगा असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् लौटा दी जावेगी।

10. फर्म द्वारा प्रस्तुत बिल में से नियमानुसार टी.डी.एस. राशि काटी जायेगी, जिसके लिये फर्म को निविदा के साथ पेन कार्ड की कॉपी संलग्न करनी होगी ।
11. निविदा प्रपत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज नही पाये जाने पर निविदा प्रपत्र निरस्त मानी जावेगी।
12. निविदा में वर्णित औषधियों की भरी गई दर निविदा भरने की अंतिम तिथि से 6 महीने तक मान्य होगी ।
13. निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता को हस्ताक्षर (मय मोहर) करने होगें।
14. निविदा में औषधियों की दरें, टैक्स आदि विवरण के साथ मार्क या मेक हो तो वह भी स्पष्ट रूप से अंकित करें। निविदादाता को नियमानुसार जीएसटी/ टैक्स/अन्य सरकारी कर अतिरिक्त रूप से देय होगा। अतः दरों के साथ–साथ अतिरिक्त रूप से जीएसटी/टेक्स/अन्य सरकारी कर की दरें भी अंकित करना आवश्यक होगा। समय–समय पर सरकार द्वारा निर्धारित टेक्स दरें लागू होने पर संस्थान द्वारा देय होगा।
15. निविदादाताओं द्वारा प्रस्तुत किये गये नमूनों का एवं माल की आपूर्ति के समय आवश्यकता के अनुसार औषधियों का परीक्षण भी करवाया जा सकता है। संस्थान द्वारा टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लिया जावेगा जो सभी फर्मो को मान्य होगा।
16. संस्थान न्यूनतम दर होने के आधार पर सामान क्रय करने के लिये या दर स्वीकृत करने के लिये बाध्य नही होगा। संस्थान द्वारा अनुमोदित किये गये नमूनों की दर ही मान्य होगी।
17. यदि कोई वस्तु/औषधी सरंस्थान की क्रय समिति द्वारा अस्वीकृत कर दी जाती है तो उसे तत्काल संस्थान परिसर से निविदादाता द्वारा हटाना होगा, न हटाने की स्थिति में माल खोने, टूटने–फूटने या अन्य किसी प्रकार की हानि होने पर संस्थान की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
18. संस्थान को सामान की सप्लाई करते समय रास्ते में होने वाली टूट–फूट या हानि की जिम्मेदारी संबंधित फर्म की होगी।
19. आवश्यतानुसार वस्तु की मात्रा को कम या अधिक करने का अधिकार निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान,जयपुर को होगा। क्रय आदेश में अंकित निर्धारित अवधि में सामान सप्लाई करना होगा। निर्धारित अवधि के पश्चात् सप्लाई करने पर संस्थान माल लेने के लिये बाध्य नही होगा तथा यदि कोई हानि होती है तो उसका भुगतान दोषी फर्म से वसूला जावेगा।
20. विलम्ब से माल सप्लाई करने पर संस्थान को माल स्वीकृत करने या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा । विशेष परिस्थितियों में फर्म के अनुरोध पर सप्लाई की अवधी बढाने का अधिकार श्रीमान निदेशक, राष्ट्रीय आयर्वेद संस्थान, जयपुर को होगा। फर्म द्वारा विलम्ब से सप्लाई किये गये सामान के स्वीकृत होने की स्थिति पर निम्न प्रकार लिक्विडिटी डेमेजेज का भुगतान करने के लिये फर्म बाध्य होगी :–

    (अ) 15 दिवस तक विलम्ब पर कीमत का 5 प्रतिशत।

    (ब) 15 दिवस से अधिक अधिकतम 1 माह तक विलम्ब पर कीमत का 10 प्रतिशत।

    (स) आपूर्तिकर्ता द्वारा पेनल्टी की अवधि समाप्त होने तक माल की आपूर्ति नही किये जाने की स्थिति में संस्थान द्वारा द्वितीय न्यूनतम दर/बाजार से माल क्रय कर लिया जावेगा एवं मूल्य का अन्तर आपूर्तिकर्ता फर्म से वसूल किया जावेगा तथा 10 प्रतिशत शास्ती पृथक से वसूली जावेगी।
21. फर्म की कोई भी शर्त मान्य नहीं होगी । यदि फर्म की ओर से निविदा शर्तों में कोई परिवर्तन या पालन नही किया जाता है तो निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर को अमानत/सिक्यूरिटी राशि जब्त करने का अधिकार होगा।
    a. फर्म आदि के गठन में किसी भी परिवर्तन की सूचना निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को लिखित में निविदादाता द्वारा दी जाएगी तथा इस परिवर्तन से संविदा के अधीन किसी भी दायित्व से फर्म के पहले के सदस्य/सदस्यों को मुक्त नहीं किया जाएगा।
    b. संविदा के सम्बन्ध में फर्म के किसी भी भागीदार/भागीदारों को निविदादाता द्वारा फर्म में तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक कि इसकी समस्त शर्तों को मानने के लिए लिखित रूप से बाध्य नहीं हो जाते एवं निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को इस सम्बन्ध में लिखित इकरारनामा प्रस्तुत नहीं कर देते। प्राप्ति स्वीकृति के लिए ठेकेदार की रसीद या बाद में उपरोक्त रूप से स्वीकार की गई किसी भागीदार की रसीद उन सबको बाध्य करेगी तथा संविदा के किसी प्रयोजन के लिए वह पर्याप्त रूप से उन्मुक्ति (डिस्चार्ज) होगीं ।
22. **सभी आयुर्वेदिक औषधियों की निर्माण तिथि नवीनतम होनी चाहिए अर्थात् 2–3 साल के भीतर expire होने वाली दवाइयां स्वीकार नहीं की जाएगी**
23. चूंकि क्रय किये जाने वाले माल की मात्रा एवं लागत अनुमानित है जिसे आवश्यकतानुसार घटाया–बढ़ाया जा सकता है। अतः निविदा में अंकित राशि की सम्पूर्ण खरीद के लिये संस्थान बाध्य नही होगा तथा इस संबंध में निविदादाता का कोई तर्क स्वीकार नही होगा ।
24. प्राप्त निविदा को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से बिना कोई कारण बताये अस्वीकृत या रद्द करने का अधिकार संस्थान निदेशक को होगा ।
25. निविदा प्रपत्र में समस्त प्रपत्रों पर निविदादाता फर्म के मालिक/अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर आवश्यक हैं।
26. संस्थान द्वारा दिये गये क्रय आदेश की दिनांक से 30 दिवस की अवधि में आयुर्वेदिक औषध की आपूर्ति आवश्यक रूप से की जावें अन्यथा नियमानुसार कटौती/पैनल्टी निविदा शर्तों के अनुसार की जावेंगी ।
27. वस्तु /औषध मूल्य पर पृथक से मांग किए जाने वाले करों की दर स्पष्ट रूप से दरों के साथ उल्लेख की जावें ।
28. एक वस्तु/औषध की एक से अधिक बार Non supply एवं Late supply पर प्रत्येक बार शास्ती लगेगी ।

29. सभी विवादों के निपटारें हेतु न्याय क्षेत्र जयपुर होगा ।

**संयुक्त निदेशक (प्रशासन)**

मैनें /हमने उपरोक्त समस्त शर्तों को ध्यानपूर्वक पढकर अच्छी तरह समझ लिया हैं तथा समस्त शर्तों की पालना हेतु बाध्य हूँ/हैं ।

हस्ताक्षर निविदादाता
(निविदा की समस्त शर्तों स्वीकार करने के प्रमाण–स्वरूप)

# क्रय की जाने वाली औषधियाँ

| क्र. सं. | औषधी का नाम | पैक साइज | मात्रा | अनुमानित मूल्य | कंपनी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीखंडासव | 450 ml | 4000 bottles | 3,40,000/- | धुतपापेश्वर, कोट्टकल, बैद्यनाथ, डाबर,कृष्ण गोपाल कालेड़ा, औषधी, नागार्जुन |
| 2. | स्मृतीसागर रस | 50 tab (125 mg) | 3000 packets | 2,50,200/- | धुतपापेश्वर, कोट्टकल, बैद्यनाथ, डाबर,कृष्ण गोपाल कालेड़ा, औषधी, नागार्जुन |
| 3. | कुष्माण्ड अवलेह | 500 gm/300 gm | 4200 packets | 9,45,000/- | धुतपापेश्वर, कोट्टकल, बैद्यनाथ, डाबर,कृष्ण गोपाल कालेड़ा, औषधी, नागार्जुन |
| 4. | सर्पगंधा घन वटी | 10 gm | 600 packets | 1,30,000/- | धुतपापेश्वर, कोट्टकल, बैद्यनाथ, डाबर,कृष्ण गोपाल कालेड़ा, औषधी, नागार्जुन |
| 5. | विषतिन्दूक वटी | 10 gm | 525 packets | 2,35,000/- | धुतपापेश्वर, कोट्टकल, बैद्यनाथ, डाबर,कृष्ण गोपाल कालेड़ा, औषधी, नागार्जुन |
| 6. | ब्राह्मी तैल | 1 lit./200 ml | 1400 bottles | 8,05,000/- | धुतपापेश्वर, कोट्टकल, बैद्यनाथ, डाबर,कृष्ण गोपाल कालेड़ा, औषधी, नागार्जुन |
| 7. | दशमुल तैल | 1 lit./200 ml | 1750 bottles | 10,93,700/- | धुतपापेश्वर, कोट्टकल, बैद्यनाथ, डाबर,कृष्ण गोपाल कालेड़ा, औषधी, नागार्जुन |